

नवभारत
भोपाल,सोमवार 1 दिसम्बर, 2025

### एक नजर में

#### शराबी युवक ने परिवार को धमकाया

**गुना।** जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के बरवन गांव में गत रात एक परिवार को गाली-गलौज और धमकी देने का मामला सामने आया। फरियादिया पुसियाबाई ने रिपोर्ट में बताया कि रात करीब 9.30 बजे वह परिवार के साथ घर पर थी, तभी गांव के बृजेश किरार और उसके पिता केशरीलाल किरार उनके घर के बाहर आ पहुंचे। बृजेश नशे में था और आते ही मां-बहन की गालियां देने लगा तथा दिलीप को बाहर बुलाने की जिद करने लगा। इसी दौरान घर के बाहर जोरदार धमाके जैसी आवाज हुई, लेकिन अंधेरा होने के कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आवाज कट्टे की थी या किसी अन्य वस्तु की। दोनों आरोपियों ने जाते-जाते दिलीप को जान से मारने की धमकी दी। फतेहगढ़ पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### युवक से मारपीट,पुरानी रंजिश का मामला

**गुना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी छावनी इलाके में गत देर रात दो युवकों द्वारा एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। मोनू रजक ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि रात करीब 11.30 बजे वह काम से लौटकर घर जा रहा था। सिंधिया स्कूल के पास हेमंत ओझा और दीपक ओझा आग ताप रहे थे। मोनू के वहां पहुंचते ही पुराने विवाद को लेकर दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। मोनू के रोकने पर हेमंत ने आग में जलती लकड़ी उठाकर उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया और खून निकल आया। वहीं दीपक ने लात-घूंसों से हमला कर उसकी पीठ और छाती पर चोट पहुंचाई। हमलावर जाते-जाते जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

**मिशन 2050 सक्सेस!**

# सिंधिया की शक्ति बनीं नपाध्यक्ष : गुना को मिली 48 करोड़ की सौगात

## नानाखेड़ी से लक्ष्मीगंज तक नपाध्यक्ष का मास्टरस्ट्रोक, सिंधिया ने सराहा, संगठन के दावों पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

**गुना 30 नव. का। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के तीन दिवसीय गुना प्रवास का समापन ज़ोरदार और सफल कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसका श्रेय स्थानीय नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के कुशल नेतृत्व और त्वरित एक्शन को जाता है। शुरुआती दो दिनों की व्यस्तताओं में संगठन और प्रशासनिक समन्वय में कुछ कमजोरियाँ दिखाई दी थीं, जिसके बाद नपाध्यक्ष ने मोर्चा संभाला और मात्र 18 घंटे के रिकॉर्ड समय में लक्ष्मीगंज में विशाल और सुव्यवस्थित संयुक्त भूमि-पूजन एवं लोकार्पण समारोह आयोजित करा डाला।**

सिंधिया के साथ आए स्टॉफ ने भी इस त्वरित बदलाव और सफल आयोजन पर नपाध्यक्ष की प्रशंसा की, जो उनकी इच्छाशक्ति और कार्य के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

**स्थल विवाद पर नपाध्यक्ष का निर्णायक हस्तक्षेप**

सूत्रों के अनुसार जिला प्रशासन ने करोड़ों के विकास कार्यों के लिए होने वाले इस महत्वपूर्ण समारोह को पहले शहर के बाहरी क्षेत्र जगनपुर चक में आयोजित करने की योजना बनाई थी। यह निर्णय न केवल राजनीतिक रूप से, बल्कि आम जनता की सहूलियत के लिहाज़ से भी उतना प्रभावी नहीं माना जा रहा था। जैसे ही यह बात सामने आई, नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने पहल की। उन्होंने तुरंत केंद्रीय नेतृत्व और अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया और जनहित को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल को शहर के मध्य स्थित लक्ष्मीगंज में फाइनल कराया। स्थल परिवर्तन और कम समय में भव्य आयोजन की पूरी जिम्मेदारी नपाध्यक्ष पति अरविंद गुप्ता को सौंप दी गई, जिन्होंने सिंधिया के स्टॉफ के साथ मिलकर योजना को अंतिम रूप दिया।




**सिंधिया हुए गदगद: नपाध्यक्ष की खुले दिल से प्रशंसा**

गत दिवस दोपहर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया लक्ष्मीगंज पहुँचे। उन्होंने मंच से 48.74 करोड़ की अमृत 2.0 सिंध प्रदाय योजना का भूमि-पूजन किया, जिसे वर्ष 2050 तक गुना शहर को निर्बाध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने इस अवसर पर शहरवासियों की ओर से सिंधिया जी का पुष्पगुच्छ और प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में कहा कि सिंधिया जी ने न केवल वर्तमान की, बल्कि नई पीढ़ी तक के लिए पानी की व्यवस्था कर दी है, जिसके लिए हम हृदय से आभारी हैं। नपाध्यक्ष ने सिंधिया को परिवार के मुखिया के समान बताते हुए कहा कि वे दिल्ली में रहकर भी गुना के विकास और सौंदर्यकरण की चिंता करते हैं। सिंधिया ने भी अपने संबोधन में विधायक पन्नालाल शाक्य और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की प्रशंसा की और कहा कि गुना केवल उनका संसदीय क्षेत्र नहीं, बल्कि उनका परिवार है, जिसके लिए वे निरंतर काम करते रहेंगे। बहरहाल सिंधिया ने भी सार्वजनिक रूप से अरविंद गुप्ता की तत्परता और आयोजन क्षमता की प्रशंसा की। कार्यक्रम की सफलता ने नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता की निर्णायक क्षमता को स्थापित किया और यह स्पष्ट कर दिया कि जनहित के कार्यों में ईमानदार और त्वरित प्रयास ही सबसे अधिक मायने रखते हैं।

**गुना को मिलीं प्रमुख सौगातें, कुल लागत 48 .74 करोड़**

- पेयजल : अमृत 2 .0 सिंध प्रदाय योजना (भूमि-पूजन)
- प्रशासनिक सुगमता :एसडीएम एवं तहसील कार्यालय भवन (लोकार्पण)
- शिक्षा : पाटई शासकीय हाई स्कूल बिल्डिंग (उद्घाटन)

**संगठन के लिए समीक्षा का विषय**

कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों के लिए सर्किट हाउस और कलेक्ट्रेट में बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में भाजपा संगठन के पदाधिकारियों ने भारी भीड़ जुटाने के अपने इरादे जाहिर किए और 20 हज़ार तक लोगों को लाने का दावा किया था। हालांकि, कार्यक्रम में वास्तविक उपस्थिति संगठन के दावों से कम रही, जो यह इंगित करता है कि ज़मीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय और जोश में थोड़ी कमी रही। यह निश्चित रूप से भाजपा संगठन के लिए एक आंतरिक समीक्षा का विषय है, ताकि भविष्य के बड़े आयोजनों में सभी का योगदान सुनिश्चित हो सके।



## जनजातीय कार्य विभाग ग्वालियर के संभागीय उपायुक्त ने किया विभिन्न आश्रमों का निरीक्षण

**गुना।** जनजातीय कार्य विभाग ग्वालियर के संभागीय सहायक आयुक्त संजय खेड ?र ने को गुना जिले में संचालित जनजातीय बालक आश्रम शालाओं का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने जनजातीय बालक आश्रम शाला (अंग्रेजी माध्यम) गुना में पहुंचकर खाद्यान्न, सामग्री वितरण, भोजन व नाश्ते की गुणवत्ता, मात्रा तथा शिक्षण व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों से चर्चा कर भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता जानी तथा संस्था में उपलब्ध सामग्रियों का भौतिक सत्यापन किया। शिक्षण स्तर का मूल्यांकन करते हुए उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर की भी जांच की। उन्होंने संस्था परिसर की साफ-सफाई, सीसी रोड निर्माण, स्वच्छ पेयजल हेतु आर.ओ. की उपलब्धता, पानी की टंकियों की सफाई तथा सभी पंजियों के विधिवत संधारण के निर्देश अधीक्षक को दिए। साथ ही अधीक्षक को एक से अधिक संस्थाओं के प्रभार से मुक्त करने के निर्देश भी जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग गुना को प्रदान किए।सहरिया बालक आश्रम (60 सीटर) में 55 पंजीकृत छात्रों में से 40 छात्र निरीक्षण के समय उपस्थित मिले। यहां भी छात्रों से भोजन, नाश्ता और शिक्षण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई तथा सभी रजिस्टर का सुव्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश अधीक्षक को दिए गए।

## प्रेमपूर्वक और समर्पण से किया गया कार्य ही धर्म :प्रकाश मिश्र



नवभारत न्यूज

**गुना। पंचमुखी हनुमान मंदिर गौशाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पंडित चंद्र प्रकाश मिश्र ने भारतीय दर्शन और धर्म के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।**

उन्होंने व्यासपीठ से अर्थ, काम, धर्म और मोक्ष—चारों पुरुषार्थों की व्याख्या करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में वही कार्य धर्म माना गया है, जिसे मनुष्य प्रेमपूर्वक और समर्पण भाव से करता है। प्रेम से किया गया कर्म पूजा बन जाता है, जबकि बिना प्रेम के किया गया कार्य केवल परिश्रम रह जाता है और यह परिश्रम ही जीव को मोह और बंधन में बांधता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जीव समुद्र रूपी परमात्मा का एक बिंदु है। जब यह बिंदु अपने मूल स्वरूप—समुद्र—में समाहित हो जाता है, तभी दुख, अभाव, प्यास और इच्छाओं का अंत होता है। उस क्षण जीव का स्वरूप व्यापक होकर स्वयं परम चेतना के समान हो जाता है। पंडित मिश्र ने कहा कि जब मनुष्य अपने कर्म को प्रेम के साथ जोड़ देता है, तब उसका जीवन आध्यात्मिक रूप से उज्ज्वल होने लगता है। कथा की उनकी शैली सरल, वैज्ञानिक और तर्कपूर्ण होने के कारण भक्तों के मन पर गहरा प्रभाव छोड़ रही है। कथा का समापन 4 दिसंबर को हवन, पूजन और प्रसाद वितरण के साथ होगा।

## सेवा भारती की साधारण सभा सम्पन्न, दायित्व दिए

**गुना।** सेवा भारती गुना की साधारण सभा का आयोजन रविवार को आनंद धाम वरिष्ठ जन सेवा केंद्र, कैंट में किया गया। सभा में बीते वर्ष की गतिविधियों, आय-व्यय, आगामी योजनाओं और संगठन विस्तार पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में आनंद धाम सचिव महेश अग्रवाल ने सेवा भारती द्वारा संचालित विभिन्न प्रकल्पों का विवरण प्रस्तुत करते हुए पिछले वर्ष की आय-व्यय की जानकारी सभी सदस्यों को दी। विभाग समन्वयक प्रमोद यादव ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में संचालित सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। आने वाले वर्ष में 5000 से अधिक आबादी वाले गांवों और सभी सेवा बस्तियों में गतिविधियों का विस्तार करने, जिला अस्पताल में हेल्प डेस्क शुरू करने, चलित चिकित्सालय तथा मातृ छाया प्रकल्प को संचालित करने का प्रस्ताव रखा गया। इस दौरान जिला सचिव मनोज रघुवंशी और उपाध्यक्ष अखिलेश विजयवर्गीय को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में विशेष उपस्थिति के रूप में नेहा सेठा, गिरिराज अग्रवाल, विभाग प्रचारक नितिन, रामवीर सिंह रघुवंशी, महेंद्र संधू, वीरेंद्र अहिरवार आदि शामिल हुए।

## विकासखंड बमोरी में आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 संपन्न




**गुना।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत विकासखंड बमोरी में शुक्रवार को खेलों का भव्य और अनुशासित आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना के आदेश तथा कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुसार संदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फतेहगढ़ के सहयोग से किया गया। खेल महोत्सव में बालक और बालिका वर्ग के खिलाडि?ों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी, लंगड़ी, साइड फुटबॉल, बास्केटबॉल और एथलेटिक्स (100 मीटर, 400 मीटर, लॉन्ग जंप, शॉट पुट) सहित कई महत्वपूर्ण खेलों का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। इसके अलावा विशेष रूप से पारा गेम्स में 50 मीटर, 100 मीटर, शॉट पुट और ट्राइसाइकिल रेस जैसी स्पर्धाओं में खिलाडि?ों ने उत्कृष्ट भागीदारी दी। विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए सैकड़ों प्रतिभागियों ने बेहतर खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कई खिलाडि?ों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया गया, जो बमोरी क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रमुख भूमिका विकासखंड शिक्षा अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव, संदीपनि विद्यालय फतेहगढ़ के प्राचार्य भागवत प्रसाद ओझा, बमोरी विद्यालय के प्राचार्य अमानती अहिरवार, जनपद शिक्षा केंद्र आनंद श्रीवास्तव, संजय फर्राटे, शंभूदयाल सैनी, गोल्डन टेंपल स्कूल फतेहगढ़ की प्राचार्य रमनदीप कौर, वरिष्ठ खिलाड़ी बलजीत सिंह, ओमवती अहिरवार और सूर्यकांत पांडे सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। अंत में आभार जितेंद्र साहू ने व्यक्त किया।

## चांचौड़ा क्षेत्र में दो पक्षों में विवाद, युवक पर लोहे के पाइप से हमला

**गुना।** जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर दो युवकों द्वारा एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। सावलपुरा निवासी भगवान सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने चचेरे भाई राकेश के साथ बीनागांव स्थित बालकदास बाबा के खेत पर गया था। वहां इमरत लोधा की गुमटी पर बैठे धर्मेंद्र मीना और गोविंद मीना ने उन्हें देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। भगवान सिंह के रोकने पर धर्मेंद्र ने लोहे के पाइप से उसके गाल पर वार कर दिया, जिससे खून निकल आया। वहीं गोविंद ने थप्पड़ मारे और उसे जमीन पर पटककर हाथ व सिर में चोट पहुंचाई। दोनों आरोपियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी

## बागेरी की घटना पर जांच दल गठित

**गुना।** जिले की बमोरी तहसील अंतर्गत बागेरी डबल लॉक खाद् वितरण केन्द्र पर भूरिया बाई निवासी कुशेपुर को गत बुधवार की रात तबीयत बिगडने् के कारण अस्पताल ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा घटना की गहन जांच हेतु जांच दल/समिति गठित किये जाने के आदेश जारी किये गये हैं। जारी आदेशनुसार समिति में एडीएम अखिलेश कुमार जैन को अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। साथ ही एसडीएम गुना शिवानी पाण्डे, उपायुक्त सहकारिता मुकेश जैन, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग संजीव शर्मा तथा जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग बी सिसौदिया को सदस्य नियुक्त किया गया हैं। गठित जांच दल, उक्त घटना के संपूर्ण तथ्यों यथा मृत्यु का कारण एवं खाद मिलने में देरी आदि की विस्तृत जांच कर, 03 दिवस में रिपोर्ट कलेक्टर श्री कन्याल के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किये गये हैं।

**आयोजन** | **विवेक जैन नेहा जैन को मिली मुनिश्री की पुरानी पिच्छिका**

# आरोन में पिच्छिका परिवर्तन समारोह संपन्न हुआ

नवभारत न्यूज

**आरोन।** नगर में चातुर्मास हेतु विराजमान मुनिश्री दुर्लभ सागरजी महाराज का पिच्छी परिवर्तन समारोह रविवार को स्थानीय वर्धमान कॉम्प्लेक्स में आयोजित हुआ। जिसमें महिला एवं पुरुष भक्ति करते हुए कार्यक्रम स्थल वर्धमान कॉम्प्लेक्स पहुँचे। पिच्छी परिवर्तन समारोह की शुरुआत दोपहर में 1:30 बजे से हुई। जिसमें आमलनेर, पठारी, सैतपुर, इंदौर, टीकमगढ़ गंजबासौदा, बासा,गुना, पिपरई, जलगांव, अशोकनगर, विदिशा, अजनास शाढौरा, खंडवा मुंगावली, बहादुरपुर, राघौगढ़, उज्जैन, सिरोंज, बीना आष्टा आदि स्थानों के श्रद्धालू आरोन पहुँचे। समाधिस्थ जैन आचार्य श्री विद्यासागर जी के चित्र के अनावरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ इस आयोजन की शुरुआत हुई। मंगलाचरण पाठशाला द्वारा किया गया। जैन समाज की विभिन्न महिला मंडलों द्वारा आचार्यश्री विद्या सागरजी महाराज की सामूहिक एवं संगीतमय पूजन की गई। इस पूजन में जल, चन्दन, अक्षत, पुष्प, नैवेध्य, दीप, धूप, फल आदि अर्घ्य अलग अलग महिला मंडलों के समूहों द्वारा आकर्षक नृत्य भक्ति की प्रस्तुतियों के साथ मंच पर लाते हुए समर्पित किये गये। जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 12 के क्षेत्रीय प्रवक्ता एवं चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा ने बताया कि जैन मुनि एवं आर्यिका हमेशा ही मुलायम मोर पंख से निर्मित पिच्छी को अपने साथ रखते हैं। यह मोर पंखी पिच्छी इतनी कोमल,नरम एवं मुलायम होती है कि इससे सूक्ष्म से सूक्ष्म जीवों को भी कोई हानि नही होती है एवं नाही किसी भी प्रकार से किसी जीव का घात होता है। इसीलिए जैन मुनि एवं आर्यिका इस मुलायम एवं कोमल पिच्छी को अपने साथ रखते हैं। बर्ष में एक बार जैन मुनि एवं आर्यिका पुरानी पिच्छी को बदलकर नवीन पिच्छी ग्रहण करते हैं। क्योंकि एक बर्ष में इस पिच्छी की कोमलता एवं मुलायमता में कमी आ जाती है। नियम एवं संयम का पालन करने का संकल्प लेने वाले श्रावक एवं श्राविकाओं द्वारा ही मुनिराजों एवं आर्यिकाओं की पुरानी पिच्छी ली जाती है एवं नवीन पिच्छीकाएं दी जाती है। मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज की पुरानी पिच्छी लेने का सौभाग्य विवेक झंडा नेहा झंडा को प्राप्त हुआ। मुनि श्री को नवीन पिच्छी देने का सौभाग्य नीरज जैन पिंकी जैन राजपुर बालों को प्राप्त हुआ। मुनि श्री को देने के लिए नवीन पिच्छिका को लाने के लिए आरोन जैन समाज के युवा वर्ग ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए चलित गुफा का निर्माण किया। इस चलित गुफा में रखकर मुनि श्री की नवीन पिच्छी को मंच पर लाया गया। युवा वर्ग द्वारा आकर्षक विशाल पर्वत श्रृंखला युक्त मंच का निर्माण भी किया गया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार नीति आयोग की सदस्य अर्चना जैन, नीरज जैन जिनवाणी, विनोद बड ?त्या, विशेष रूप से उपस्थित थे। जैन समाज द्वारा सभी का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुनिश्री दुर्लभ सागर जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संयम के महत्व को समझाया और कहा कि समय रहते संयम व्रत पालन करने के लिए अपने चंचल मन पर नियंत्रण रखकर संयम के पथ पर अग्रसर हों। मुनि श्री के पाद प्रक्षालन किए गए मुनिश्री दुर्लभ सागरजी महाराज के पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य रायपुर निवासी विनोद बड ?त्या परिवार को प्राप्त हुआ। 3 दिसंबर को अरनाथ जन्मोत्सव पर महा मस्तिकाभिषेक एवं नगर भोज का आयोजन जैन समाज अध्यक्ष विजय डोडिया एवं चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष श्री मिंटूलाल जैन,स्वागत अध्यक्ष मुनेश जैन बाखर एवं सोनू जैन पारस ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस बार भी आरोन नगर के मूलनायक भगवान श्री अरनाथ स्वामी के जन्मोत्सव पर बड़ा जैन मन्दिर में महा मस्तिकाभिषेक होगा एवं वर्धमान कॉम्पलेक्स में नगर भोज का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आरोन नगर के सर्व समाज के लोगों का भोजन प्रसादी के रूप में सामूहिक भोज का आयोजन किया जाएगा। जैन समाज कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने आरोन नगर के सर्व समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस नगर भोज के आयोजन में शामिल होने की अपील की है।



## विवाह सीजन में पुलिस हुई सतर्क, सुरक्षा एडवाइजरी जारी—सुरक्षा हमारी, सहयोग आपका



नवभारत न्यूज

**गुना।** जिले में विवाह समारोहों और सामाजिक आयोजनों का दौर चरम पर है, ऐसे में भीड़भाड़, आना-जाना, गहनों-नकदी के उपयोग और खुले स्थानों पर कार्यक्रम होने के कारण सुरक्षा का जोखिम बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में पूरे जिले में विशेष सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीम विवाह स्थलों पर कड़ी निगरानी रख रही है, रात में विशेष पेट्रोलिंग की जा रही है, संवेदनशील स्थानों पर बल तैनात किया गया है और आयोजकों को सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन कराने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही यातायात नियंत्रण और पार्किंग व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गुना पुलिस का कहना है कि विवाह समारोहों में अक्सर आपराधिक तत्व मौका पाकर घुस जाते हैं और चोरी जैसी वारदातों को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। इसलिए पुलिस लगातार मैदान में सक्रिय है, लेकिन सुरक्षित वातावरण तभी सम्भव है जब समाज भी सहयोग करे। पुलिस ने आयोजकों और विवाह गार्डन संचालकों से आग्रह किया है कि समारोह स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, प्रवेश-निकास द्वारों पर सुरक्षा गार्ड या स्वयंसेवक तैनात हों, अज्ञात व्यक्तियों की आवाजाही रोकी जाए, आमंत्रण कार्ड की जांच की व्यवस्था हो और गहनों-नकदी जैसी मूल्यवान वस्तुओं को सुरक्षित रखा जाए। पार्किंग स्थल पर पर्याप्त प्रकाश, सीसीटीवी और लॉकिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस ने यह भी अपील की है कि किसी विवाद, झगड़े, चोरी या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी थाने या डायल-112 पर दी जाए। पुलिस नागरिकों की सुरक्षा में पूरी तत्परता से मैदान में मौजूद है, लेकिन शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन तभी संभव है जब नागरिक भी सतर्क रहें और सुरक्षा नियमों का पालन करें।

**प्रारुप-7**
**नियम 11 (1)**
**घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम से 2005 की धारा 13 (1) के अधीन हाजिर होने के लिए सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज जू.डि. FTE महोदय, ललितपुर।
म.नं.: 1166/24 पुलिस थाना कोतवाली
मामले में
सुश्री निधि परिवादी......
श्रीमती निधि बनाम चंचल गोस्वामी आदि ....प्रत्यर्थी
प्रेषिती : अंचल गोस्वामी पुत्र स्व. स्व. श्री देवेंद्र गोस्वामी निवासी दुर्गा मंदिर के पास दुर्गा कॉलोनी गुना थाना व जिला गुना म.प्र.

याची ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का 43) की धारा-12 के अधीन आवेदन फाइल किया है। आपको यह कारण बताने के लिए क्यों ना आवेदक द्वारा मांगे गए अनुतोष (अनुतोषो) को आपके विरुद्ध प्रदान कर दिया जाए। व्यक्तिगत रुप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक रुप से प्राधिकृत काउंसिल के मार्फत तारीख 22 माह 12 सन् 2025 को 10 बजे पूर्वाहन/अपराहन में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है, इसमें असफल होने पर न्यायालय एक पक्षीय कार्रवाई करेगा.
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा के अधीन तारीख 11-11-25 को दी गई.

**सिविल जज (जू.डि.)त्वरित न्यायालय ललितपुर**

**प्रारुप-7**
**नियम 11 (1)**
**घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम से 2005 की धारा 13 (1) के अधीन हाजिर होने के लिए सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज जू.डि. FTE महोदय, ललितपुर।
म.नं.: 1166/24 पुलिस थाना कोतवाली
मामले में
सुश्री परिवादी......
श्रीमती निधि बनाम चंचल गोस्वामी आदि ....प्रत्यर्थी
प्रेषिती : चंचल गोस्वामी पुत्र स्व. स्व. श्री देवेंद्र गोस्वामी निवासी दुर्गा मंदिर के पास दुर्गा कॉलोनी गुना थाना व जिला गुना म.प्र.

याची ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का 43) की धारा-12 के अधीन आवेदन फाइल किया है। आपको यह कारण बताने के लिए क्यों ना आवेदक द्वारा मांगे गए अनुतोष (अनुतोषो) को आपके विरुद्ध प्रदान कर दिया जाए। व्यक्तिगत रुप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक रुप से प्राधिकृत काउंसिल के मार्फत तारीख 22 माह 12 सन् 2025 को 10 बजे पूर्वाहन/अपराहन में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है, इसमें असफल होने पर न्यायालय एक पक्षीय कार्रवाई करेगा.
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा के अधीन तारीख 11-11-25 को दी गई.

**सिविल जज (जू.डि.)त्वरित न्यायालय ललितपुर**

**प्रारुप-7**
**नियम 11 (1)**
**घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम से 2005 की धारा 13 (1) के अधीन हाजिर होने के लिए सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज जू.डि. FTE महोदय, ललितपुर।
म.नं.: 1166/24 पुलिस थाना कोतवाली
मामले में
सुश्री निधि परिवादी......
श्रीमती निधि बनाम चंचल गोस्वामी आदि ....प्रत्यर्थी
प्रेषिती : रानी उर्फ माधुरी पत्नी चंचल गोस्वामी निवासी दुर्गा मंदिर के पास दुर्गा कॉलोनी गुना थाना व जिला गुना म.प्र.

याची ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का 43) की धारा-12 के अधीन आवेदन फाइल किया है। आपको यह कारण बताने के लिए क्यों ना आवेदक द्वारा मांगे गए अनुतोष (अनुतोषो) को आपके विरुद्ध प्रदान कर दिया जाए। व्यक्तिगत रुप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक रुप से प्राधिकृत काउंसिल के मार्फत तारीख 22 माह 12 सन् 2025 को 10 बजे पूर्वाहन/अपराहन में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है, इसमें असफल होने पर न्यायालय एक पक्षीय कार्रवाई करेगा.
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा के अधीन तारीख 11-11-25 को दी गई.

**सिविल जज (जू.डि.)त्वरित न्यायालय ललितपुर**

**प्रारुप-7**
**नियम 11 (1)**
**घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम से 2005 की धारा 13 (1) के अधीन हाजिर होने के लिए सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज जू.डि. FTE महोदय, ललितपुर।
म.नं.: 1166/24 पुलिस थाना कोतवाली
मामले में
सुश्री परिवादी......
श्रीमती निधि बनाम चंचल गोस्वामी.....प्रत्यर्थी
प्रेषिती : श्री निशांत पुत्र श्री स्व.देवेंद्र गोस्वामी निवासी दुर्गा मंदिर के पास दुर्गा कॉलोनी गुना थाना व जिला गुना म.प्र.

याची ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का 43) की धारा-12 के अधीन आवेदन फाइल किया है। आपको यह कारण बताने के लिए क्यों ना आवेदक द्वारा मांगे गए अनुतोष (अनुतोषो) को आपके विरुद्ध प्रदान कर दिया जाए। व्यक्तिगत रुप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक रुप से प्राधिकृत काउंसिल के मार्फत तारीख 22 माह 12 सन् 2025 को 10 बजे पूर्वाहन/अपराहन में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है, इसमें असफल होने पर न्यायालय एक पक्षीय कार्रवाई करेगा.
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा के अधीन तारीख 11-11-25 को दी गई.

**सिविल जज (जू.डि.)त्वरित न्यायालय ललितपुर**